## जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की कार्य प्रगति के संदर्भ में दिनांक 26.07.2022 को आहूत साप्ताहिक बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन (हर घर नल से जल) के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें:–

1. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा।
2. श्री अरविन्द कुमार अवस्थी, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा।
3. श्री जितेन्द कु० पाढ़ी, सुपरविजन इंजीनियर (पी०एम०सी०), महोबा।
4. श्री सतीश कुमार सरोहा, डिप्टी टीम लीडर (टी०पी०आई०), महोबा।
5. श्री मल्लिकार्जुन रेड्डी, प्रोजेक्ट मैनेजर (एल० एण्ड टी०), महोबा।
6. श्री सुनील कुमार पाण्डेय, प्रोजेक्ट मैनेजर (एस०सी०एल०–एस०एम०सी०, जे०वी०), महोबा।
7. श्री सी. शंगमुगंम, प्रोजेक्ट मैनेजर(जे०एम०सी०–जे०डब्ल्यू०आई०एल०,जे०वी०), महोबा।
8. श्री रघुवंश शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर (मे० एन०के० गुप्ता– के०बी० गुप्ता, जे०वी०), महोबा।

### शिवहर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना

**उपरोक्त परियोजना की घटकवार प्रगति– अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), पी०एम०सी० के सुपरविजन इंजीनियर एवं टी०पी०आई० के डिप्टी टीम लीडर के द्वारा निम्नलिखित बतायी गयी :–**

**इन्टेकवेल:**–इस योजना के अन्तर्गत चन्द्रावल डैम पर 24 एमएलडी इन्टेकवेल का निर्माण किया जा रहा है। अभी तक 29.80 मी० में से 21.15 मी० इण्टेकवेल की दीवार की कास्टिंग पूर्ण हुयी है, जिसमें से 18.5 मी० सिंकिंग पूरी हो चुकी है। पम्प फ्लोर स्लैब के लिए शटरिंग का कार्य चल रहा है। अप्रोच ब्रिज में 10 में 02 पाइल (21 मी० डेप्थ) पूर्ण किये गए। कार्य की गति पिछले दो माह से धीमी है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि लेबर एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**डब्लू०टी०पी०:–**

1. सी०एल०एफ०– 02 में अभी तक कुल 5.5 मी० में से 4.2 मी० कार्य पूर्ण हुआ है। लाण्डर स्लैब का कार्य किया जा रहा है।
2. बैकवॉश टैण्क के अन्तर्गत कुल 7.1 मी० में से 3.50 मी० कार्य पूर्ण हुआ है। 2.4 मी० शटरिंग का कार्य पूर्ण हुआ है।
3. क्लोरीन बिल्डिंग में कुल 9.1 मी० में से 7.7 मी० कार्य पूर्ण हुआ है।
4. केमिकल हाउस के अन्तर्गत 8.2/13.85 मी. कार्य पूर्ण हुआ है। स्लैब बॉटम शटरिंग का कार्य किया जा रहा है।
5. पम्प हाउस के अन्तर्गत 8.3/11 मी0 कार्य पूर्ण हुआ है। कार्य की प्रगति धीमी है।
6. मैकेनिकल वर्क–पाइप इन्स्टालेशन का कार्य प्रारम्भ किया गया है।
7. इलेक्ट्रो मैकेनिकल वर्क– अभी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि लेबर की संख्या बढ़ायें एवं डब्लू.टी.पी. पर इलेक्ट्रो–मैकेनिकल कार्य शीघ्र पूर्ण करायें।

**सी०डब्लू०आर०:**– 06 सी०डब्लू०आर० में से 4 पर कार्य पूर्ण हुआ है एवं 2 पर कार्य चल रहा है। 83 प्रतिशत निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि सभी सीडब्लूआर के साथ–साथ पम्प हाउस का निमार्ण पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

**ओवर हैड टैंक**:– 18 ओ०एच०टी० में से 6 पर कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 6 पर कार्य चल रहा है। प्रर्याप्त मैन पावर न होने के कारण 6 ओ०एच०टी० पर कार्य रूका हुआ है। 84 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**रॉ–वाटर राईजिंगमेन**:–रॉ–वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 7.3 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से 7.3 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 7.3 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का कार्य पूर्ण हुआ है।

**क्लियर वाटर राईजिंगमेन**:–क्लियर वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 191.7 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 157.212 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 124.773 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी गयी है। कार्य की प्रगति धीमी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष क्लियर वाटर राइजिंगमेन पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, यह भी निर्देश दिया गया कि सड़क के किनारे नियमानुसार ही पाइप लेईंग की जाए।

**वितरण प्रणाली**:– वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कुल 472 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 397.252 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 254.581 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी गयी है। कार्य की गति धीमी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष वितरण प्रणाली हेतु पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण किया जाये।

**नल संयोजन**:– 27492 नल संयोजन में से 8696 नल संयोजन किये गये हैं, कार्य की गति धीमी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि हाउस टैप कनेक्शन को घर के अन्दर तक पहुंचाया जाये एवं सभी स्कूलों, पंचायत भवनों, आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं अन्य सरकारी भवनो में नल संयोजन कर दिये जाए तथा नल संयोजन के कार्य शीघ्र–अतिशीघ्र पूर्ण कर लिये जाये।

## धवर्रा सिजवाहा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना

**उपरोक्त परियोजना की घटकवार प्रगति– अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), पी०एम०सी० के सुपरविजन इंजीनियर एवं टी०पी०आई० के डिप्टी टीम लीडर के द्वारा निम्नलिखित बतायी गयी :–**

**इन्टेकवेल**:–इस योजना के अन्तर्गत उर्मिल डैम पर 24 एमएलडी इन्टेकवेल का निर्माण किया जा रहा है। 26.47 मी० में से 14.3 मी० इण्टेकवेल की दीवार की कास्टिंग पूर्ण हुयी है। अप्रोच ब्रिज का कार्य प्रारम्भ, डेस्क स्लैब बीम के बॉटम के ऊपर तक 18/18 कॉलम पूर्ण हुआ है। 08 में से 02 डेक स्लैब स्पैन की कॉस्टिंग कार्य पूर्ण हुआ है। अप्रोच ब्रिज पर कार्य की गति धीमी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि लेबर एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा अप्रोच ब्रिज के कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाये।

**डब्लू०टी०पी०**:–

1. कैसकेड ऐरिएटर के अन्तर्गत कुल 8.7 मी० में से 6.25 मी० ही निर्माण कार्य किया गया है।
2. फ्लैश मिक्चर के अन्तर्गत 5.5/6.7 मी० तक पूर्ण किया गया है।
3. फिल्टर हाउस के अन्तर्गत कुल 9.35 मी० में से 4.5 मी० ही निर्माण कार्य किया गया है।
4. केमिकल हाउस के अन्तर्गत कुल 11.975 मी० में से 6.75 मी० निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। एलम टैण्क की कास्टिंग का कार्य किया जा रहा है।
5. मैकेनिकल वर्क– अभी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है।
6. इलेक्ट्रो मैकेनिकल वर्क– अभी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

प्रोजेक्ट मैनेजर को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रो मैकेनिकल उपकरणों की आपूर्ति शीघ्र कर ली जाये तथा डब्लू.टी.पी. के समस्त घटकों पर शीघ्र कार्य पूर्ण करायें।

**सी०डब्लू०आर०:–** 09 सी०डब्लू०आर० में से 1 पर कार्य पूर्ण हुआ है एवं 08 सी०डब्लू०आर० का कार्य गति बहुत धीमी है। 59 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि शेष सी०डब्लू०आर० पर मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

**ओवर हैड टैंक:–** 29 ओ०एच०टी० में से 29 ओ०एच०टी० पर निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है। 09 टीमें कार्य कर रहीं है। 62 प्रतिशत निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि शेष ओ०एच०टी० पर मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए सभी ओ०एच०टी० पर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**रॉ–वाटर राईजिंगमेन:–** रॉ–वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 1.85 कि०मी० पाइप बिछाई जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 1.573 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 1.573 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि शेष रॉ–वाटर राइजिंगमेन पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**क्लियर वाटर राईजिंगमेन:–** क्लियर वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 216.7 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 86.227 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 77.95 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष क्लियर वाटर राइजिंगमेन में डीआई पाइप की आपूर्ति शीघ्र कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए नियत समय में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**वितरण प्रणाली:–** वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कुल 585.6 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 399.27कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है एवं 294.5 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष वितरण प्रणाली डिस्ट्रीब्यूशन में पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**नल संयोजन:–** 38548 नल संयोजन में से 7475 नल संयोजन किये गये हैं। कार्य की गति धीमी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि नल संयोजन करने की गति को बढ़ाया जाये। हाउस टैप कनेक्शन को घर के अन्दर तक पहुंचाया जाये एवं स्कूलों, पंचायत भवनों, आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं अन्य सरकारी भवनो में नल संयोजन कर दिये जाए तथा नल संयोजन के कार्य शीघ्र–अतिशीघ्र पूर्ण कर लिये जाये।

## लहचुरा काशीपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना

**उपरोक्त परियोजना की घटकवार प्रगति– अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), पी०एम०सी० के सुपरविजन इंजीनियर एवं टी०पी०आई० के डिप्टी टीम लीडर के द्वारा निम्नलिखित बतायी गयी :–**

**इन्टेकवेल:–** इस योजना के तहत लहचुरा डैम पर 24 एमएलडी इन्टेकवेल का निर्माण किया जा रहा है। अभी तक 26.1 मी० में से 18.85 मी० इण्टेकवेल का कार्य डिस्चार्ज फ्लोर स्लैब तक किया गया है। पम्प हाउस लिंटेल बीम कास्टिंग पूर्ण हुआ है। 3 में से 1 स्पैन के लिए अप्रोच ब्रिज डेक स्लैब सटरिंग का कार्य पूर्ण हुआ है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि डेक स्लैब की कार्य प्रगति धीमी है, कार्य की प्रगति को बढ़ाते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराया जाये।

**डब्लू०टी०पी०:–**

1. एम०सी०डब्ल्यू०आर० कम पम्प हाउस के अन्तर्गत 11.2 / 11.8 मी0 आरसीसी का कार्य पूर्ण किया गया है।
2. मैकेनिकल वर्क– कार्य प्रारम्भ किया गया एवं 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण है।

Scanned with OKEN Scanner

3. इलेक्ट्रो मैकेनिकल वर्क– अभी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है।

<u>सी०डब्लू०आर०</u>:– 10 सी०डब्लू०आर० में से 5 सी०डब्लू०आर० में कार्य डिस्चार्ज फ्लोर स्लैब कास्टिंग पूर्ण हो चुकी है एवं शेष सी०डब्लू०आर० पर कार्य धीमी गति से हो रहा है। 57 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि सभी सीडब्लूआर पर गैंग बढ़ाकर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

<u>ओवर हैड टैंक</u>:–कुल 32 ओ०एच०टी० में से 8 पर कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 15 ओ०एच०टी० पर कार्य धीमी गति से चल रहा है एवं 9 ओ०एच०टी० पर पर्याप्त मैन–पावर न होने के कारण कार्य रुका हुआ है। कुल 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। ओ.एच.टी. पर इन्टरकनेक्शन मटेरियल की सप्लाई अत्यन्त धीमी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि मैनपावर एवं मशीनरी को बढ़ाया जाये एवं शेष सभी ओ०एच०टी० पर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

<u>रॉ–वाटर राईजिंगमेन</u>:–रॉ–वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 3.5 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 3.178 कि०मी० पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 3.172 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि शेष राइजिंगमेन पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

<u>क्लियर वाटर राईजिंगमेन</u>:–क्लियर वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 229 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 223.51 कि०मी० पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 195.749 कि०मी० पाइप बिछायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष क्लियर वाटर राइजिंगमेन पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

<u>वितरण प्रणाली</u>:– वितरण प्रणाली के अन्तर्गत कुल 364 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 287.197कि०मी० पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 221.286 कि0मी0 पाइप लाइन बिछायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष वितरण प्रणाली हेतु पाइप की आपूर्ति कर ली जाए एवं गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

<u>नल संयोजन</u>:– 23945 नल संयोजन में से 5690 नल संयोजन किये गये हैं। कार्य की गति धीमी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि नल संयोजन करने की गति को बढ़ाया जाये । हाउस टैप कनेक्शन को घर के अन्दर तक पहुंचाया जाये एवं स्कूलों, पंचायत भवनों, आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं अन्य सरकारी भवनो में नल संयोजन कर दिये जाए तथा नल संयोजन के कार्य शीघ्र–अतिशीघ्र पूर्ण कर लिये जाये।

## <u>सलइया नाथुपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना</u>

**उपरोक्त परियोजना की घटकवार प्रगति– अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), पी०एम०सी० के सुपरविजन इंजीनियर एवं टी०पी०आई० के डिप्टी टीम लीडर के द्वारा निम्नलिखित बतायी गयी :–**

**इन्टेकवेल**:– इस योजना के अन्तर्गत अर्जुन सागर डैम पर 25 एमएलडी इन्टेकवेल का निर्माण किया जा रहा है। 26.52 मी० में से 9.1 मी० इण्टेकवेल की दीवार की कास्टिंग पूरी हुयी है। 9वीं लिफ्ट के शटरिंग का कार्य पूर्ण हुआ है। अप्रोच ब्रिज के फाउण्डेशन पीसीसी का कार्य 07 में से 05 पर पूर्ण किया गया है। 07 में से 04 पर रॉफ्ट का कार्य पूर्ण किया गया है। रोड एडज़ेसेन्ट कॉलम का कार्य बॉटम डेक स्लैब के ऊपर तक हुआ है। 3 पियर की चौथी लिफ्ट की कास्टिंग पूरी हुयी है। कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी है।

प्रोजेक्ट मैनेजर को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि लेबर एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

<u>डब्लू०टी०पी०</u>:–

Scanned with OKEN Scanner

1. इन्टर्नल रोड का कार्य प्रारम्भ किया गया है। कॉम्पेक्शन का कार्य किया जा रहा है।
2. मैकेनिकल वर्क– कार्य प्रारम्भ किया गया है। 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया।
3. इलेक्ट्रो मैकेनिकल वर्क– अभी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है।

**<u>सी०डब्लू०आर०</u>:–** 22 सी०डब्लू०आर० में से 3 पर कार्य पूर्ण हुआ है एवं 9 सी०डब्लू०आर० पर कार्य धीमी गति से चल रहा है। 10 सी०डब्लू०आर० पर पर्याप्त मैन–पावर न होने के कारण कार्य रुका हुआ है। 40 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। प्रोजेक्ट मैनेजर को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सीडब्लूआर पर मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**ओवर हैड टैण्क:–** 40 ओ०एच०टी० में से 11 पर कार्य पूर्ण हुआ है एवं 12 ओ०एच०टी० पर कार्य धीमी गति से चल रहा है। 17 ओ०एच०टी० पर पर्याप्त मैन–पावर न होने के कारण कार्य रुका हुआ है। 52 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष कार्यों पर मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**रॉ–वाटर राईजिंगमेन:–**रॉ–वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत कुल 5.23 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 5.21 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 3.98 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी जा चुकी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष राइजिंग मेन पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**<u>क्लियर वाटर राईजिंगमेन</u>:–**क्लियर वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत 302 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 302 कि०मी० की पाइप की सप्लाई की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 205.8 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष क्लियर वाटर राइजिंगमेन पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**<u>वितरण प्रणाली</u>:–** वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 518 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 431.144 कि०मी० पाइप की सप्लाई प्राप्त की जा चुकी है जिसके सापेक्ष 267.8 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष वितरण प्रणाली हेतु पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**<u>नल संयोजन</u>:–** 26885 नल संयोजन में से 5898 नल संयोजन किये गये हैं। कार्य अत्यधिक धीमी गति से हो रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि टीम बढ़ाकर नल सयोंजन करने की गति को बढ़ाया जाये। हाउस टैप कनेक्शन को घर के अन्दर तक पहुंचाया जाये एवं स्कूलों, पंचायत भवनों, आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं अन्य सरकारी भवनो में नल संयोजन कर दिये जाए तथा नल संयोजन के कार्य शीघ्र–अतिशीघ्र पूर्ण कर लिये जाये।

## <u>कबरई ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना</u>

**उपरोक्त परियोजना की घटकवार प्रगति– अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), पी०एम०सी० के सुपरविजन इंजीनियर एवं टी०पी०आई० के डिप्टी टीम लीडर के द्वारा निम्नलिखित बतायी गयी :–**

**इन्टेकवेल:–**इस योजना के अन्तर्गत कबरई डैम पर 15 एमएलडी इन्टेकवेल का निर्माण किया जा रहा है। 31.7 मी० में से 31.7 मी० इण्टेकवेल की दीवार की कास्टिंग हुयी है। पम्प हाउस फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। अप्रोच ब्रिज के अन्तर्गत डेक स्लैब बीम की कास्टिंग पूर्ण की गई। 03 में से 02 स्पैन डेक स्लैब कास्टिंग कार्य पूर्ण हुआ है।

**डब्लू०टी०पी०:–**

Scanned with OKEN Scanner

1. फिल्टर हाउस के अन्तर्गत अभी तक कुल 14.37 मी० में से 7.0 मी० कार्य पूर्ण हुआ है। फिल्टर ट्रफ 3/6 पूर्ण हुआ है। ऑपरेशन प्लेटफार्म स्लैब की शटरिंग का कार्य किया जा रहा है। लिंटेल बीम कास्टिंग का कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण हुआ है। कार्य की प्रगति धीमी है।
2. मैकेनिकल वर्क– अभी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। एस०डब्लू०एस०एम० के सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि मैकेनिकल इन्स्ट्रूमेण्ट हेतु अभी वेण्डर फाइनल नहीं किया गया है जिससे परियोजना के पूर्ण होने में समय अधिक लग सकता है।
3. इलेक्ट्रो मैकेनिकल वर्क– अभी कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मैकेनिकल इंस्ट्रूमेण्ट हेतु नियमानुसार वेण्डर फाइनल करते हुये कार्यालय अधिशाषी अभियंता, वि०/या० इकाई जल निगम, चित्रकूट को सूचित करें तथा अतिशीघ्र वि०/या० उपकरणों को मंगवाया जाये । परियोजना के पूरे होने में अनावश्यक विलम्ब न होने पाये।

**सी०डब्लू०आर०:–** 09 सी०डब्लू०आर० में से 5 पर कार्य पूर्ण हुआ है एवं 4 का कार्य धीमी गति से चल रहा है। 79 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष सीडब्लूआर पर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**ओवर हैड टैंक:–** 13 ओ०एच०टी० में से 11 ओ०एच०टी० पर काय पूर्ण हो चुका है एवं 2 पर कार्य धीमी गति से चल रहा है। 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष ओ०एच०टी० पर मैनपावर और मशीनरी लगाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**रॉ–वाटर राईजिंगमेन:–**रॉ–वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत 2.8 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 2.25 कि०मी० पाइप की आपूर्ति की गयी है जिसके सापेक्ष 1.25 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी गयी है। पाइप लाइन की हाईड्रोटेस्टिंग का कार्य अत्यन्त धीमी गति से चल रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि रॉ–वाटर राइजिंगमेन पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**क्लियर वाटर राईजिंगमेन:–**क्लियर वाटर राईजिंगमेन के अन्तर्गत 105.78 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 83.049 कि०मी० की पाइप की सप्लाई प्राप्त गयी है एवं 32.062 कि०मी० पाइप लाइन बिछायी गयी है। पाइप लाइन की हाईड्रोटेस्टिंग का कार्य अत्यन्त धीमी गति से चल रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष क्लियर वाटर राइजिंगमेन पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**वितरण प्रणाली:–** वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 243.15 कि०मी० पाइप बिछाये जाने का लक्ष्य है जिसमें से कुल 231. 064कि०मी० पाइप की सप्लाई की गयी है जिसके सापेक्ष 188.464 कि0मी0 पाइप लाइन बिछायी गयी है। सप्लाई बढ़ाने की आवश्यकता है एवं लेईंग की गति धीमी है। पाइप लाईन की हाईड्रोटेस्टिंग का कार्य अत्यन्त धीमा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष वितरण प्रणाली हेतु पाइप की आपूर्ति कर ली जाए तथा गैंग व मैनपावर की संख्या बढ़ाते हुए स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन तथा गुणवत्ता मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**नल संयोजन:–** 16696 नल संयोजन में से 229 नल संयोजन किया गये हैं कार्य की गति धीमी है। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बैठक में बताया गया कि इस हफ्ते तक नल संयोजन के मटेरियल की सप्लाई का कार्य पूर्ण कर लिया जाऐगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि नल सयोंजन करने की गति को बढ़ाया जाये । टैप कनेक्शन को घर के अन्दर तक पहुंचाया जाये एवं स्कूलों, पंचायत भवनों, आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं अन्य सरकारी भवनो में नल संयोजन कर दिये जाए तथा नल संयोजन के कार्य शीघ्र–अतिशीघ्र पूर्ण कर लिये जाये।

अधिशाषी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) ने अवगत कराया कि 25.09.2022 तक फर्मों द्वारा 46 राजस्व ग्राम में 16741 हाउस कनेक्शन कर जलापूर्ति किया जाना है, तत्कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि उक्त के सम्बन्ध में प्रत्येक दिवस की कार्य योजना अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को उपलब्ध करायें।

उपरोक्त परियोजनाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देशित किया गया कि परियोजना के शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु सम्बन्धित विभागों रेलवे, पी0डब्लू0डी0, एन0एच0ए0आई0, वन, सिचाई एवं केनाल क्रासिंग आदि से अनापत्ति

Scanned with OKEN Scanner

...ण पत्र प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखा जाये। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि परियोजनाओं की प्रगति धीमी है अतः मानव श्रम एवं आवश्यक मशीनरी बढ़ाकर समय से कार्य गुणवत्तापूर्ण पूरे किये जायें। टी.पी.आई. एवं पी.एम.सी. को निर्देशित किया गया कि कार्यस्थलों के निरीक्षण नियमितरूप से करते हुये निरीक्षण आख्या जल निगम (ग्रामीण) महोबा के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

# कार्यालय जिलाधिकारी, महोबा

(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)

**पत्रांक– 255/एस0टी0–जे0जे0एम0/2022** **दिनांकः 01 अगस्त,2022**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशाषी निदेशक महोदय, एस०डब्लू०एस०एम०, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई–मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ।
3. अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) महोबा को इस निर्देश के साथ कि परियोजनाओं पर निर्माण कार्यों स्वीकृत डिजाइन एवं ड्राइंग के अनुसार, गुणवत्ता व मानकों का पालन कराते हुए कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें।(ई–मेल)
4. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी०एम०सी० (एस०एम०ई०सी०), महोबा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए गुणवत्ता एवं मानकों को लागू कराते हुए उक्त निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।(ई–मेल)
5. डी०टी०एल०, टी०पी०आई० को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए गुणवत्ता एवं मानकों को लागू कराते हुए उक्त निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।(ई–मेल)
6. प्रोजेक्ट मैनेजर (एल० एण्ड टी०), महोबा को अनुपालनार्थ।(ई–मेल)
7. प्रोजेक्ट मैनेजर (एस०सी०एल०–एस०एम०सी०, जे०वी०), महोबा को अनुपालनार्थ।(ई–मेल)
8. डिप्टी जनरल मैनेजर (जे०एम०सी०–जे०डब्लू०आई०एल०,जे०वी०), महोबा को अनुपालनार्थ।(ई–मेल)
9. प्रोजेक्ट मैनेजर (मै० एन०के० गुप्ता– के०बी० गुप्ता, जे०वी०), महोबाको अनुपालनार्थ।(ई–मेल)

01/08/22

अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति
महोबा।

Scanned with OKEN Scanner